# न्यायालय सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) झुंझुनूं, जिला झुंझुनूं (राजस्थान)

(पीठासीन अधिकारी :– सुप्रिया, आर. ए. एस.)

राजस्व वाद संख्या :– 1625/2024

अनिल कुमार पुत्र श्री दीनदयाल जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं।

– वादी

बनाम

1. किशनलाल पुत्र सांवल जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
2. भीखाराम पुत्री सांवल (फौत)
   2/1. केशरी देवी पत्नी भीखाराम
   2/2. नन्दनी कुमारी पुत्री भीखाराम
   2/3. रिंकु मीणा पुत्री भीखाराम समस्त जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
3. संतोष पत्नी फुलचन्द जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
4. अनिता पुत्री फुलचन्द पत्नी पवन कुमार जाति मीणा हाल आबाद निवासी सुरपुरा तहसील उदयपुरवाटी।
5. टीना पुत्री फुलचन्द पत्नी रणधीर जाति मीणा निवासी शेखसर तहसील मण्डावा।
6. मंजू पुत्री फुलचन्द पत्नी कैलाशचन्द्र जाति मीणा हाल आबाद निवासी सुरपुरा तहसील उदयपुरवाटी।
7. मिनाक्षी पुत्री फुलचन्द पत्नी राजेन्द्र जाति मीणा हाल आबाद निवासी सुरपुरा तहसील उदयपुरवाटी।
8. विजेश पुत्र फुलचन्द जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
9. सुभाष पुत्र फुलचन्द जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
10. राजेश पुत्र रामचन्द्र जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
11. रमेश पुत्र रामचन्द्र जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
12. विनोद पुत्री रामचन्द्र पत्नी सुरेन्द्र जाति मीणा हाल आबाद निवासी चान्दपोल, भैरूजी मंदिर के पास जयपुर।
13. श्रवणी पत्नी शिशपाल जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
14. दुर्गा पुत्र झुंथाराम जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
    14/1. अनिता पत्नी धर्मपाल जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
    14/2. दलीप पुत्र धर्मपाल जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
    14/3. किरण पुत्री धर्मपाल मीणा पत्नी प्रेमलाल जाति मीणा निवासी हाल आबाद ग्राम बड़ली ततारपुर तहसील व जिला अलवर।
15. प्रकाश पुत्र दुर्गा जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
16. कैलाश पुत्र दुर्गा जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
17. संतोष पुत्री दुर्गा पत्नी रोहिताश जाति मीणा निवासी हाल आबाद नयाबास तह0 नीमकाथाना।

सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

18. रेशमी पुत्री दुर्गा पत्नी धनाराम मीणा जाति मीणा निवासी हाल आबाद 54-बी यादव बिहार निवारू लिंक रोड़ जयपुर।
19. महिपाल पुत्र बबरी जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
20. रामवतार पुत्र बबरी जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी (फौत)
20/1. संतोष पत्नी रामवतार जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
20/2. मनीष पुत्र रामवतार जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
20/3. अनु मीणा पुत्री रामवतार पत्नी रोहित जाति मीणा निवासी हाल आबाद सी-87 मदर टेरेसा कॉलोनी मालवीय नगर, जयपुर।
20/4. तनु मीणा पुत्री रामवतार पत्नी अभिषेक जाति मीणा निवासी हाल आबाद 64 ए रघुनाथ विहार सिरसी रोड़ जयपुर।
21. सुरेन्द्र पुत्र बबरी जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
22. प्रभात पुत्र झुथा जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी (फौत)
22/1. कमला देवी पत्नी प्रभात जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
22/2. आदित्य पुत्र नरेन्द्र जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
22/3. सरोज पुत्री प्रभात पत्नी बाबुलाल जाति मीणा निवासी हाल आबाद घटाला ग्राम सेदाला पोस्ट चीपलाटा तहसील नीमकाथाना।
22/4. सुनिता पुत्री प्रभात पत्नी हरिसिंह जाति मीणा निवासी चीपलाटा तह0 नीमकाथाना।
23. चन्दली पत्नी सुल्तान जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी (फौत)
23/1. मूली पत्नी फुलचन्द जाति मीणा निवासी बजावा तहसील गुढागौड़जी।
23/2. राधा पुत्री सुल्तान पत्नी बनवारीलाल जाति मीणा निवासी हाल आबाद मैनपुरा, गुढागौडजी।
23/3. रामा पुत्री सुल्तान पत्नी नारायण जाति मीणा निवासी हाल आबाद मैनपुरा, गुढागौड़जी।
24. शाखा प्रबंधक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक शाखा बडागांव तहसील गुढागौड़जी।
25. तहसीलदार तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं राजस्थान।

– प्रतिवादीगण

वकील वादी :– एडवोकेट धर्मवीर मीणा।
वकील प्रतिवादी :– प्रतिवादी संख्या 23/1 से 23/3 की ओर से एड0 यतीश सिंह

## दावा बाबत् विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा

निर्णय दिनांक 08/05/2021

संक्षेप में वादीगण ने इस आशय से वादपत्र पेश किया है कि राजस्व ग्राम बजावा पटवार हल्का बजावा तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 634 व खसरा नम्बर 939 कुल किता 2 कुल रकबा 2.13 है0 भूमि अवस्थित है। उपरोक्त आराजी वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 23 की संयुक्त खातेदारी व काश्तकारी की पैतृक कृषि भूमि है। वाद में वर्णित भूमि में वादी का 1/3 हक हिस्सा राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है तथा उक्तानुसार ही वादी काफी समय पूर्व हुये भाई बंटवारे के अनुसार कब्जा काश्त है। वादी द्वारा भूमि खसरा नम्बर 634 रकबा 0.89 है0 तथा खसरा नम्बर 939 रकबा 1.24 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 2.13 है0 वाके ग्राम बजावा के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हिस्से व कब्जे काश्त के अनुसार विधिवत् विभाजन करवाने

सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

के लिए प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 23 को काफी बार सहमति से विभाजन करवाने के लिये कहा तो प्रतिवादीगण 1 लगायत 23 ने सहमति से विभाजन करवाने के लिए तहसील कार्यालय गुढागौड़जी में एक साथ उपस्थित होने में असमर्थता जाहिर की और वादी को कहा कि वादी विधिवत् विभाजन करवाना चाहता है तो सक्षम न्यायालय से वाद पत्र पेश कर विधिवत् विभाजन करवाये। वादी को स्वयं के हक हिस्से की भूमि में उन्नत कृषि करने के लिए व स्वयं के हक हिस्से व कब्जा काश्त की भूमि में तारबन्दी इत्यादि करने के लिए वाद पत्र की मद संख्या 1 में वर्णित भूमि का विधिवत् विभाजन करवाना जरूरी होने के कारण वादी की ओर से मौजुदा वादपत्र इस न्यायालय में पेश करना आवश्यक हुआ।

उपरोक्तानुसार दावा पेश होने पर इस न्यायालय द्वारा विधिक प्रक्रियानुसार दिनांक 07.10.2025 को वाद वादीगण प्राथमिक तौर पर आंशिक रूप से स्वीकार किया जाकर प्राथमिक निर्णय व डिक्री पारित किया गया तथा तहसीलदार गुढागौड़जी को मौका कमिश्नर नियुक्त कर विभाजन प्रस्ताव मंगवाये गये। तहसीलदार ने विभाजन प्रस्ताव अपने पत्र क्रमांक भू0अ0/2026/03 दिनांक 01.01.2026 के द्वारा इस न्यायालय में भिजवाये गये। वकील वादी द्वारा उक्त विभाजन प्रस्ताव में खसरा नम्बर संशोधन करने बाबत् प्रार्थना पत्र पेश किया। जिस पर बहस श्रवण उपरान्त प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर तहसीलदार गुढागौड़जी को उक्त संशोधन बाबत् तहरीर जारी की गई एवं मूल विभाजन प्रस्ताव लौटाया गया। तहसीलदार गुढागौड़जी ने पुनः अपने पत्र क्रमांक भू.अ./2026/936 दिनांक 04.05.2026 द्वारा विभाजन प्रस्ताव में संशोधन कर भिजवाया। जिसे पत्रावली में शामिल किया गया। वाद वादीगण बहस श्रवण की गई। बहस के दौरान वादी अधिवक्ता ने वाद वादीगण डिक्री किये जाने का निवेदन किया। अधिवक्तागण ने मुताबिक विभाजन प्रस्ताव वाद डिक्री किये जाने पर सहमति जाहिर की। बाद अवलोकन पत्रावली व बगौर मनन बहस वाद वादीगण न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना सही व न्यायोचित प्रतीत होता है।

## —: निर्णय :—

वाद वादीगण सिद्ध होने पर अंतिम रूप से स्वीकार किया जाता है तथा राजस्व ग्राम बजावा पटवार हल्का बजावा तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 634 रकबा 0.89 है0 तथा खसरा नम्बर 939 रकबा 1.24 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 2.13 है0 भूमि बाबत तहसीलदार गुढागौड़जी द्वारा भिजवाये गये विभाजन प्रस्ताव के मुताबिक खाता विभाजन के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार के पत्र क्रमांक भू.अ./2026/936 दिनांक 04.05.2026 द्वारा भिजवाया गया विभाजन प्रस्ताव निर्णय व डिक्री का भाग रहेगा। खर्चा पक्षकारान वहन करें। तदनुसार पर्चा डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमिल दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 03/05/2026 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले इजलास सुनाया गया।

(सुप्रिया)
सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)
झुंझुनूं

सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

मूल वाद में डिक्री (आदेश 20 के नियम 6 और 7)

## न्यायालय सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) झुन्झुनू जिला झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारी :– श्री सुप्रिया आर.ए.एस.

उनवान अनिल बनाम किशनलाल वगैरह

दावा बाबत् विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा

मुकदमा नं. : 1625 / 2024

निर्णय दिनांक : 02/05/2026

वकील वादी श्री धर्मवीर मीणा तथा वकील प्रतिवादी संख्या 23 / 1 लगायत 23 / 3 एडवोकेट यतीश सिंह की उपस्थिति में इस वाद में आज दिनांक 02/05/26 को सुप्रिया, सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) झुन्झुनू के समक्ष निपटारे के पेश होने पर आदेश दिया जाता है व डिक्री की जाती है कि वाद वादीगण सिद्ध होने पर अंतिम रूप से स्वीकार किया जाता है तथा राजस्व ग्राम बजावा पटवार हल्का बजावा तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 634 रकबा 0.89 है0 तथा खसरा नम्बर 939 रकबा 1.24 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 2.13 है0 भूमि बाबत तहसीलदार गुढागौड़जी द्वारा भिजवाये गये विभाजन प्रस्ताव के मुताबिक खाता विभाजन के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार के पत्र क्रमांक भू.अ. / 2026 / 936 दिनांक 04.05.2026 द्वारा भिजवाया गया विभाजन प्रस्ताव निर्णय व डिक्री का भाग रहेगा। खर्चा पक्षकारान वहन करें।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 02/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

(सुप्रिया)
सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)
झुन्झुनू

सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

वाद के खर्चे

| वादी | रुपया | प्रतिवादी | रुपया |
|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | 10 | स्टाम्प वकालतनामा | |
| स्टाम्प वकालतनामा | 1 | स्टाम्प अर्जी | |
| मेहनतनामा वकील | | मेहनतनामा वकील पर | |
| खर्चा गवाहान | | खर्चा गवाहान | |
| फीस कमिश्नर | | फीस कमिश्नर | |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | | बाबत इजराय हुक्मनामा | |
| | | मुतफरिक | |
| योग | 11 | योग | |

(सुप्रिया)
सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.)
झुन्झुनू

सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)